प्रेरणा
जिसके मन का भाव सच्चा होता है, उसका हर काम अच्छा होता है।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 27 OCTOBER TO 02 NOVEMBER 2023 • VOLUME 14 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

## 'मैं पंजाब बोलदा हां' बहस रिवायती पार्टियों से द्रोह का जवाब मांगेगी : सीएम मान

### यादगारी के मौके पर शिरकत करने के लिए लोगों को खुला न्योता

**पंजाब और पंजाबियों के विरुद्ध किए गए गुनाहों के लिए रिवायती पार्टियों को कभी भी माफ नहीं करेंगे राज्य के लोग**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि एक नवंबर को लुधियाना में हो रही बहस 'मैं पंजाब बोलदा हाँ' के दौरान लोग रिवायती पार्टियों से राज्य के साथ किए गए गुनाहों का जवाब माँगेगे।

इस यादगारी के मौके पर शिरकत करने के लिए राज्य के लोगों को खुला न्योता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब तक सत्ता में रह चुके सभी राजनीतिक पक्षों से बहस के दौरान अपना पक्ष रखेंगी। उन्होंने कहा कि हरेक पार्टी को अपना पक्ष पेश करने के लिए 30 मिनट का समय मिलेगा, जिसमें राज्य से जुड़े मसले उठाए जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 'मैं पंजाब बोलदा हाँ' बहस के दौरान प्रोफ़ैसर निर्मल जोढ़ा मंच संचालन करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, "खुली बहस पंजाब को अब तक किसने और कैसे लूटा के आस-पास केंद्रित होगी। इस बहस में भाई-भतीजे, साले-जीजे, मित्र-साथी, टोल प्लाज़े, जवानी-किसानी, व्यापार-दुकानदार, गुरूओं की बाणी, नहरों के पानी की बात होगी।" उन्होंने कहा कि रिवायती पार्टियों के नेताओं ने इन सभी मसलों पर पंजाब के साथ गद्दारी की है जिसके लिए इनको राज्य के लोगों के समक्ष जवाबदेह बनाया जायेगा। भगवंत सिंह मान ने इन नेताओं को पंजाब निवासियों और मीडिया के सामने खुली बहस के लिए ललकारा था।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह नेता पंजाब के साथ की गई गद्दारी के लिए ज़िम्मेदार हैं और पंजाब की पीठ में छुरा मारने वालों को इतिहास कभी भी माफ नहीं करेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बहस लोगों को शीशा दिखाएगी कि कुर्बानी की आड़ में कैसे इन नेताओं ने पंजाब के हितों को अनदेखा करके अपने निजी लाभ सुरक्षित किये। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग इन नेताओं द्वारा निजी हितों की ख़ातिर पंजाब और पंजाबियों के विरुद्ध किए गए गुनाहों को तो कभी भूलेंगे और न ही कभी माफ करेंगे।

### डिबेट से पहले जाखड़ ने जारी किया नंबर



पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम भगवंत मान द्वारा 1 नवंबर को बुलाई गई बहस पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कहा कि वह पूरी तैयारी के साथ व सबूत लेकर आएं। उन्होंने पंजाब भाजपा की ओर से व्हटसएप नंबर 7508560065 जारी कर लोगों से बहस में उठाए जाने वाले मुद्दों पर सुझाव भेजने को कहा ताकि वे इन सुझावों को सीएम मान के समक्ष रख सकें। उन्होंने बताया कि बहस में पंजाब का पानी, पंजाब का कर्ज, गैंगस्टर कल्चर, किसान, नशे से नौजवानों की मौतें आदि मुद्दे उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में रेत के मौजूदा रेट उन्हें भेजें, ताकि वे देख सकें कि कितने लोगों को 5 से 5.50 रुपए प्रति वर्ग फीट पर रेत मिल रही है।

## पीएमओ द्वारा श्री हरमंदिर साहिब के पवित्र मॉडल की नीलामी दुर्भाग्यपूर्ण : आप

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) ने श्री हरमंदिर साहिब के पवित्र मॉडल की नीलामी के पीएमओ के फैसले की निंदा की है। इसे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा 2015 में दरबार साहिब की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया गया था।

पीएमओ पीएम मोदी को उपहार के रूप में मिली 912 वस्तुओं की नीलामी कर रहा है जिसमें श्री हरमंदिर साहिब मॉडल भी है। इसे 13,500 के बेस प्राइस के साथ नीलामी साइट पर सूचीबद्ध किया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंसिपल बुध राम ने कहा कि पीएमओ गुरु साहिब के आशीर्वाद की कीमत नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि इससे सिख समुदाय की भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

बुध राम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और पीएमओ को तुरंत सिख समुदाय से माफी मांगनी चाहिए और उक्त मॉडल को नीलामी स्थल से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे पीएमओ ने बिना सोचे-समझे नीलामी के लिए रख दिया। इसे किसी भी कीमत पर बेचा नहीं जाना चाहिए।

## अकाली नेता बंटी रोमाना को पुलिस ने चंडीगढ़ रिहायश से किया गिरफ्तार

### केजरीवाल और भगवंत मान के खिलाफ ट्वीट किया था वीडियो

**चंडीगढ़ :** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता परमबंस सिंह बंटी रोमाना को चंडीगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ एक वीडियो वायरल होने का है।



जांच को आगे बढ़ाते हुए साइबर सेल ने परमबंस सिंह बंटी रोमाना को गिरफ्तार कर लिया। 2022 के विधानसभा चुनाव में फरीदकोट से उम्मीदवार रहे और शिरोमणि अकाली दल के महासचिव परमबंस सिंह बंटी रोमाना ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो डाला था। इस वीडियो में बंटी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल को लेकर आपत्तिजनक बातें कही थी। इसके बाद वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में पुलिस ने सेक्टर-3 के थाने में केस दर्ज किया था।

**कंवर ग्रेवाल ने दी सफाई :** बंटी रोमाना के शेयर किए गए वीडियो को लेकर मशहूर पंजाबी सिंगर कंवर ग्रेवाल ने भी कड़ी टिप्पणी की है। इस वीडियो में कंवर ग्रेवाल की मॉडिफाइड आवाज थी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पंजाब सरकार ने आपत्ति जताई तो गायक कंवर ग्रेवाल ने सफाई दी थी कि उन्होंने ऐसा कोई गाना नहीं गाया है। उनके गाने के साथ छेड़छाड़ की गई है।

**सुखबीर बादल ने जताई आपत्ति :** गिरफ्तारी के बाद शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आपत्ति जताई। सुखबीर बादल ने कहा कि आम आदमी पार्टी विपक्ष की आवाज दबाने और पंजाबियों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाने में अपनी नाकामी को छुपाना चाहती है। अकाली दल परमबंस सिंह रोमाना के साथ खड़ा है।

### एडिटेड वीडियो शेयर करने पर 'आप' ने की अकाली दल की आलोचना



**चंडीगढ़.** अकाली दल के नेता बंटी रोमाना द्वारा मशहूर पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल की एडिटेड वीडियो शेयर करने के लिए आम आदमी पार्टी ने अकाली दल और बादल परिवार पर हमला बोला और इसकी सख्त निंदा की है। वीरवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि यह अकाली दल बादल की निचले स्तर की राजनीति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अकाली दल के नेता के नेता चाहे जितनी झूठी वीडियो फैला लें, लेकिन पंजाब के लोग अब बादल परिवार को भाव नहीं देने वाले हैं।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 2 आतंकियों को मार गिराया

**जम्मू कश्मीर.** कुपवाड़ा में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में एक महत्वपूर्ण विकास में सुरक्षा बलों ने निर्धारित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन से संबंधित तीन और आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया जिससे मारे गए आतंकवादियों की कुल संख्या पांच हो गई है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल इन व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। कश्मीर जोन पुलिस ने एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार के हवाले से एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लश्कर के तीन (03) और आतंकवादी मारे गए (कुल 05)। पहचान सुनिश्चित की जा रही है। सर्च ऑपरेशन जारी है, उसके बाद आगे की जानकारी दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए दिन में मुठभेड़ शुरू हो गई।

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक पोस्ट में कहा कि 26 अक्टूबर 2023 को भारतीय सेना, जम्मू पुलिस और खुफिया एजेंसियों द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में एलओसी पर कुपवाड़ा सेक्टर में सतर्क सैनिकों द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

कुपवाड़ा में पत्रकारों से बात करते हुए जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने इस तरह के प्रयासों से उत्पन्न लगातार चुनौतियों पर प्रकाश डाला। पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिशें होती रहती हैं और सेना, पुलिस और अन्य द्वारा इसे नाकाम किया जा रहा है।

## 8 पूर्व नेवी ऑफिसर को कतर की अदालत ने सुनाई मौत की सजा

**नई दिल्ली.** कतर की एक अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखने के बाद मौत की सजा सुनाई है। भारत सरकार ने फैसले पर गहरा आघात व्यक्त किया है और कहा है कि वह सभी कानूनी विकल्प तलाश रही है।

सैन्य दिग्गज एक निजी फर्म के लिए काम कर रहे थे जब उन्हें पिछले साल अगस्त में कतरी खुफिया सेवा द्वारा अनिर्दिष्ट आरोपों पर हिरासत में लिया गया था। हम मौत की सज़ा के फैसले से गहरे सदमे में हैं और विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं, और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और इस पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा, हम फैसले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाएंगे।



रिपोर्टों के अनुसार समूह पर इज़राइल की ओर से एक पनडुब्बी कार्यक्रम पर जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। कतरी अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि उनके पास इस मामले से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हैं। भारतीय नागरिकों का पहला परीक्षण मार्च के अंत में हुआ था। नई दिल्ली को आठ भारतीयों तक राजनयिक पहुंच प्रदान की गई थी और वह उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही थी। सूत्रों के हवाले से एएनआई की एक रिपोर्ट में इस साल अप्रैल में कहा गया था कि भारतीय एजेंसियां हिरासत में लिए गए भारतीयों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही हैं।

## आईपीएस अर्पित शुक्ला डीजीपी रैंक पर प्रमोट



**चंडीगढ़.** सीनियर आईपीएस अधिकारी अर्पित शुक्ला को पंजाब सरकार ने प्रमोशन दी है। राज्य सरकार ने उन्हें अब डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस यानि डीजीपी रैंक पर प्रमोट कर दिया है। अर्पित शुक्ला अब तक एडीजीपी रैंक पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

## शोभा यात्रा पर सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में आज पूरे दिन की छुट्टी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव को लेकर 27 अक्तूबर को होने वाली शोभा यात्रा के मद्देनजर डिप्टी कमिश्नर विशेष



सारंगल ने जालंधर नगर निगम सीमा के अंदर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और निजी शिक्षण संस्थानों में पूरे दिन की छुट्टी करने के आदेश दिए है। जारी आदेशों के अनुसार 27 अक्तूबर को जालंधर शहर में शोभा यात्रा होगी, जिसके लिए लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी के निर्देश दिए गए है।

### मांस एवं शराब की बिक्री पर पाबंदी

भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव को लेकर 27 अक्तूबर को मनाई जाने वाली शोभा यात्रा के मद्देनजर जिला मैजिस्ट्रेट-कम-डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने फौजदारी संहिता 1973 की धारा 144 और पंजाब एक्साइज एक्ट 1914 की धारा 54 पंजाब लीकर लाइसैंस 1956 के नियम 9 अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 27.10.2023 और 28.10.2023 को शहर में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा के मार्ग पर मांस और शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाई है।

## वायु रक्षा प्रणालियों व एयरोस्पेस पर ध्यान देने की जरूरत : रक्षा मंत्री

**राजनाथ सिंह ने वायु सेना कमांडरों से कहा कि वे रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उभरते हवाई युद्ध के रुझानों का विश्लेषण करें और उनसे शिक्षा ग्रहण करें**

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में वायु सेना कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सत्र के दौरान रक्षा मंत्री को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी। कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने परिचालन तैयारियां बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए तीनों सेवाओं द्वारा संयुक्त योजना बनाने और संचालन के कार्यान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वायुसेना के कमांडरों से आग्रह किया कि वे तेजी से बदलती हुई वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति की जांच करें और भारतीय संदर्भ में उनका मूल्यांकन करें।

रक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि हवाई युद्ध के क्षेत्र में नए रुझान सामने आए हैं। इसलिए रक्षा तैयारियों को मजबूत बनाने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे शिक्षा ग्रहण करने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय वायुसेना से वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत बनाने के बारे में ध्यान केंद्रित करने और भारत के वायु क्षेत्र की सुरक्षा के लिए ड्रोन का उपयोग करने और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं। हमें इनसे निपटने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना द्वारा अभी हाल में हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशनों के दौरान निभाई गई भूमिका के लिए भारतीय वायुसेना की सराहना की। उन्होंने प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड और एयर डिस्प्ले का सफल आयोजन करने के लिए भी भारतीय वायुसेना को बधाई दी। इन आयोजनों की लोगों ने खूब प्रशंसा की थी। रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस सम्मेलन को द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल और तकनीकी अनिवार्यताओं को देखते हुए भारतीय वायुसेना की आगे की राह तैयार करने पर चर्चा की जाती है। इस सम्मेलन के दौरान प्रसिद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की जानीमानी हस्तियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## 'आप' सरकार पार्टी विस्तार पर सरकारी खजाने को बर्बाद कर रही : बाजवा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता



प्रताप सिंह बाजवा ने आत्महत्या की शिकार प्रोफेसर बलविंदर कौर के परिवार की अनदेखी करते हुए चुनाव प्रचार के लिए मध्य प्रदेश जाने को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह बादल पर निशाना साधा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाजवा ने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री को आम आदमी पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत आज मध्य प्रदेश के महाराजपुर, छतरपुर, बिजावर और बुंदेलखंड में रोड शो करना था। उन्होंने कहा कि आत्महत्या पीड़ित परिवार और 1158 सहायक प्रोफेसर मोर्चा की मांगों पर ध्यान देने और पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बजाय, पंजाब के मुख्यमंत्री, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार को प्राथमिकता दी है। पंजाब के मुख्यमंत्री का ऐसा लापरवाह रवैया दर्शाता है कि वह पंजाब की बेटियों के साथ न्याय करने से ज्यादा पार्टी के विस्तार को महत्व देते हैं।

बाजवा ने कहा कि कई मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, किसान यूनियनों और राजनीतिक दलों ने पंजाब के शिक्षा मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दमनकारी आप सरकार पर दबाव बनाने के लिए गंभीरपुर गांव में प्रदर्शन स्थल पर डेरा डाल दिया है। आप सरकार का अपने दागी मंत्रियों और विधायकों के प्रति ऐसा पक्षपातपूर्ण रवैया 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले किए गए वादे के विपरीत है। बाजवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद राज्य की अर्थव्यवस्था अस्थिर होने के बावजूद पंजाब के मुख्यमंत्री आप के चुनाव अभियानों के लिए राज्य के संसाधनों और खजाने का दुरुपयोग करने से पीछे नहीं हटे।

# एडवेंचर के शौकीन लोग इन जगहों पर लें कैम्पिंग का मजा

TRAVELING

**बिजी लाइफ और शहर की भीड़ से दूर अगर आप कुछ समय का ब्रेक लेना चाहते हैं तो कैम्पिंग के लिए जा सकते हैं। यहां जानिए भारत में कैम्पिंग के लिए बेस्ट प्लेस...**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

कैंपिंग के लिए भारत में काफी सारी जगह हैं। ये जगह उन लोगों को बहुत पसंद आएगी जो लोग नेचर लवर हैं और एडवेंचर के शौकीन हैं। प्रकृति से जुड़ने के लिए कैम्पिग करना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। यहां जानिए भारत में कैंपिंग के लिए फेमस जगह। इन जगहों पर आप भीड़-भाड़ से दूर कुछ समय बिता सकते हैं। साथ ही इन जगहों पर जाकर आपको रोजाना के रूटीन से ब्रेक मिलेगा और माइंड फ्रेश होगा।

**मसूरी, उत्तराखंड-** अगर आप दिल्ली में रहते हैं और रोजाना के रूटीन से ब्रेक लेना चाहते हैं तो मसूरी में कैंपिंग के लिए आप जा सकते हैं। ये दिल्ली से काफी नजदीक है। ठंडे मौसम में आप कैंपिंग का मजा लेना चाहते हैं तो मसूरी जा सकते हैं।

**कैंप टिकलिंग, गुड़गांव-** दिल्ली में रहकर ही आप कैंपिंग का मजा लेना चाहते हैं तो आप गुड़गांव में कैम्प टिकलिंग में जा सकते हैं। मौज मस्ती करने के लिए यहां कई एक्टिविटीज हैं जैसे पैरामोटरिंग, पेंटबॉल, जोरबिंग। अगर आप शांति वाली जगह अपना कैम्प लगाना चाहते हैं तो आपको इस जगह जरूर जाना चाहिए।

**ऋषिकेश, उत्तराखंड-** ऋषिकेश भी कैंपिंग के लिए काफी ज्यादा फेमस है। भीड़-भाड़ से दूर और रोजाना रूटीन से ब्रेक के लिए आप ऋषिकेश जा सकते हैं। कैंपिंग के दौरान रिवर राफ्टिंग , ट्रेकिंग, योगा, मेडिटेशन या सिर्फ नदी के किनारे बैठे रहना न भूलें।

**त्सो मोरिरी, लद्दाख-** दुनिया की सबसे ऊंची झीलों में से एक, लद्दाख में त्सो मोरीरी भारत की अच्छी कैम्पिग डेस्टिनेशन में से एक है। कैंप का मजा लेने के लिए और सूर्योदय देखने के लिए आप यहां जा सकते हैं।



FASHION+

## प्रिंटेड साड़ी पहनेंगी तो मुड़-मुड़कर देखेंगे लोग, बस इन टिप्स को फॉलो करें

**साड़ी को स्टाइलिश तरीके से पहनी जाए तो यह आपकी खुबसूरती में चार चांद लगा सकता है। अगर आप पार्टी के लिए साड़ी पहनकर रेडी होना चाहती हैं तो इन टिप्स की मदद से खुद को रेडी करें। हर कोई मुड़कर देखेगा।**


तस्वीर साभार Google

त्योहारों के सीजन में एथिनिक पहनना हर लड़की को पसंद आता है। त्योहारों में तो लड़कियां खूब साड़ी और लहंगा ट्राई कर रही है। अगर आपने नई साड़ी नहीं खरीदी है तो मम्मी की साड़ियों को ट्राई कर सकती हैं। खासतौर पर प्रिंटेड साड़ी को आउटडेटेड समझकर रिजेक्ट करने की बजाय कृति सेनन, करीना कपूर, सोनम कपूर की तरह स्टाइल करें। फिर देखें कैसे सिंपल सी मम्मी की साड़ी में भी लोग आपको मुड़-मुड़कर देखना पसंद करेंगे।

### ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वैलरी के साथ करें मैच

मम्मी के वॉर्डरोब में आपको बांधनी प्रिंट की साड़ी आसानी से मिल जाएगी। अगर आप इसको स्टाइलिश तरीके से कैरी करना चाहती हैं तो बस कृति सेनन की तरह सिल्वर ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को मैच करें। नेकपीस से लेकर ईयररिंग्स और हाथों में कड़े, चूड़ियां और ब्रेसलेट को पहनें। ये आपको बिल्कुल ट्रेडिशनल और मॉडर्न लुक देगा।


तस्वीर साभार Google

### ब्लाउज के साथ करें एक्सपेरिमेंट

अष्टमी, नवमी, दशहरा अभी ट्रेडिशनल तरीके से तैयार होने के लिए कई दिन है। तो अगर आप मम्मी की प्रिंटेड साड़ी को कैरी करना चाहती हैं तो सोनम कपूर की तरह पफ स्लीव वाले ब्लाउज को कैरी करें। ये आपको फैशनेबल और स्टाइलिश दिखाने में मदद करेगा। सबसे खास बात गोल्डन ब्लाउज कई सारी साड़ियों के साथ मैच भी करेगा।

### करीना कपूर का स्लीक लुक

अगर आप ऑफिस वगैरह जाने के लिए क्लासी और ग्रेसफुल लुक चाहती हैं। साथ ही दिनभर कंफर्टेबल भी बनी रहें तो करीना कपूर की तरह सॉफ्ट मटैरियल की प्रिंटेड साड़ी चुनें। इसे बिग स्टोन ईयररिंग्स के साथ मैच करें। परफेक्ट लुक मिलेगा।

## वीकेंड पर बनाएं मुगलई शाही टुकड़ा, रिश्तों में मिठास घोल देगी ये टेस्टी रेसिपी

**मुगलई शाही टुकड़ा की ये रेसिपी न सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी है बल्कि बनाने में भी बेहद आसान है। तो इस वीकेंड रिश्तों में प्यार की मिठास घोलने के लिए ट्राई करें मुगलई शाही रेसिपी...**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

अगर आप भी अपने वीकेंड पर परिवार के लिए डेजर्ट में कुछ टेस्टी और ईजी रेसिपी ट्राई करना चाहते हैं तो ट्राई कर सकते हैं मुगलई शाही टुकड़ा रेसिपी। ये रेसिपी न सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी है बल्कि बनाने में भी बेहद आसान है। तो इस वीकेंड रिश्तों में प्यार की मिठास घोलने के लिए बनाएं मुगलई शाही टुकड़ा।

### मुगलई शाही टुकड़ा बनाने के लिए सामग्री-

**ब्रेड तलने के लिए-**

- 6 स्लाइस सफेद ब्रेड स्लाइस
- 1 कप घी (तलने के लिए)

**रबड़ी टॉपिंग के लिए-**

- 1 लीटर फुल क्रीम दूध
- 15-20 केसर के धागे
- ¼ कप सफेद चीनी
- ½ चम्मच गुलाब जल

चीनी सिरप के लिए-

- 1 कप पानी
- ¾ कप सफेद चीनी
- 2-3 -कुटी हुई हरी इलायची

**गार्निशिंग के लिए-**

- बादाम और पिस्ते की कतरन
- सूखी गुलाब की पंखुड़ियां

### मुगलई शाही टुकड़ा बनाने का तरीका-

मुगलई शाही टुकड़ा बनाने के लिए सबसे पहले ब्रेड स्लाइस के कोने काटकर उन्हें तिरछी शेप में काट लें। अब मध्यम आंच पर एक पैन में घी गर्म करें। घी गर्म होने पर इसमें ब्रेड के कुछ टुकड़े डालकर दोनों तरफ से सुनहरा होने तक डीप फ्राई करें। इसके बाद शाही टुकड़ा बनाने के लिए रबड़ी तैयार करें। रबड़ी बनाने के लिए एक भारी तले वाले नॉन-स्टिक पैन में मध्यम आंच पर दूध गर्म करने के लिए रख दें। दूध में जब उबाल आने लगे तो आंच को मध्यम या लो कर दें।

अब दूध में केसर के धागे डालकर अच्छी तरह मिलाते हुए उसे 20 से 25 मिनट तक आधा होने तक पकाएं। ऐसा करते हुए लगातार पैन के किनारों पर जमा दूध को खुरचकर वापस पैन में डालें। दूध को पैन के तले में जलने से बचाने के लिए पैन के तले को भी बार-बार खुरचें। जब दूध आधा रह जाए तो इसमें चीनी डालकर 10-12 मिनट तक और पकाएं जब तक कि रबड़ी कस्टर्ड जैसी गाढ़ी न हो जाए। अब पैन को आंच से उतारकर एक तरफ रख दें।

चीनी की चाशनी बनाने के लिए मध्यम आंच पर एक पैन में पानी, चीनी और हरी इलायची डालकर गर्म करें। बीच-बीच में कुछ बार हिलाते हुए 8-10 मिनट तक पानी और चीनी को पकाएं। अब कढ़ाही को आंच पर से हटाकर तली हुई ब्रेड स्लाइस को गर्म चीनी की चाशनी में 10-20 सेकंड के लिए डुबोएं। अब इन्हें सर्विंग प्लेट पर रखकर ऊपर से 2-3 बड़े चम्मच रबड़ी डालें। इसके बाद मुगलई शाही टुकड़ा को गर्निश करने के लिए उसे बादाम और पिस्ते की कतरन के साथ सूखे गुलाब की पंखुड़ियों से सजाकर तुरंत परोसें।

## मॉडर्न पेरेंटिंग के असरदार तरीके, बच्चे के बेहतर विकास में कर सकते हैं मदद

PARENTING



**मॉडर्न पेरेंटिंग के तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। कैसे बच्चों को भविष्य में सफल बनाने के लिए मॉडर्न पेरेंटिंग के कौन से टिप्स आपको अपनाने चाहिए।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

ज्यादातर सभी पेरेंट्स की अपने बच्चों को अच्छी परवरिश देने की कोशिश रहती है। जिसके लिए वो बच्चों का एडमिशन अच्छे स्कूल में करवाने से लेकर सुख-सुविधा की तमाम चीजें उन्हें उपलब्ध करवाने की कोशिश में लगे रहते हैं। लेकिन आजकल बच्चों को सफल बनाने के लिए अपनाई जाने वाली मॉडर्न पेरेंटिग के तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। आइए जानते हैं कैसे बच्चों को भविष्य में सफल बनाने के लिए मॉडर्न पेरेंटिंग के कौन से टिप्स आपको अपनाने चाहिए।

**ना करें दूसरे बच्चों से तुलना-** बच्चों को सफल बनाने की चाहत में अक्सर माता-पिता ये गलती कर बैठते हैं। लेकिन मॉडर्न पेरेंटिंग इस आदत के पक्ष में नहीं है। मॉडर्न पेरेंटिंग के अनुसार पेरेंट्स को कभी भी दूसरे बच्चों के साथ अपने बच्चों की पढ़ाई, खेल, व्यवहार जैसी चीजों को लेकर तुलना नहीं करनी चाहिए।

**बच्चे की परवरिश अकेले मां की जिम्मेदारी नहीं-** मॉडर्न पेरेंटिंग के अनुसार बच्चा जब आप दोनों का है तो उसे पालने की जिम्मेदारी अकेले मां की कैसी हो सकती है। बच्चे की परवरिश करते समय आप हसबैंड और वाइफ, आपस में अपने डिपार्टमेन्ट बांट दें उदाहरण के लिए मम्मी खाने-पीने से संबंधित मामलों में बोलें और पापा पढ़ाई से जुड़ी चीजों की जम्मेदारी लें। यह उत्तम पेरेंटिंग कला को विकसित करने का एक आसान तरीका है।

**डिसिप्लिन है जरूरी-** बच्चे के गलती करने पर अगर माता-पिता में से कोई एक बच्चे को डांट रहा है तब यदि दूसरा उसका बचाव करता है, तो बच्चे के सुधरने की उम्मीद कम हो जाती है।

**बच्चों को दें समय-** मौजूदा समय में पेरेंट्स के लिए एक बड़ा चैलेंज अपने बच्चों को समय देना भी है। माता पिता का साथ बच्चे के मानसिक विकास में मदद करके पेरेंट्स के साथ उसकी बॉन्डिग मजबूत बनाएगा।

**घर के नियम तय करें-** अनुशासन से बच्चों में आत्म नियंत्रण की भावना विकसित होती है। इसके लिए पेरेंट्स को बच्चों के लिए घर के कुछ नियम तय करने चाहिए।

**बच्चे को बनाएं कॉन्फिडेंट-** बच्चे छोटी-मोटी असफलताओं से जल्दी घबरा जाते हैं। ऐसे में बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उसे छोटी-छोटी बात पर या उसे कुछ नया और चैलेंजिंग करने के लिए मोटिवेट करें। बच्चों को हार या जीत की जगह किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मोटिवेट करें।


सिंघाड़ा खाने का सही तरीका

# वेट लॉस से लेकर थायराइड तक कंट्रोल रखता है

KNOWLEDGE

**सिंघाड़े का नियमित सेवन करने से शरीर में पानी की कमी दूर होने के साथ वेट लॉस और थायराइड को भी कंट्रोल करने में मदद मिलती है। आइए जानते हैं सिंघाड़ा खाने के फायदे।**





• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

नवरात्रि व्रत के दौरान फलाहार के लिए सिंघाड़े का सेवन किया जाता है। लेकिन सिंघाड़े का महत्व सिर्फ फलाहार तक ही सीमित नहीं है। सिंघाडे में मौजूद प्रोटीन, फाइबर, पोटेशियम और विटामिन बी6 जैसे पोषक तत्व इसे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। सिंघाड़ा को 'पानी फल' भी कहा जाता है। इसके नियमित सेवन से शरीर में पानी की कमी दूर होने के साथ वेट लॉस और थायराइड को भी कंट्रोल करने में मदद मिलती है। आइए जानते हैं सिंघाड़ा खाने से सेहत को मिलते हैं कौन से गजब के फायदे और क्या है इसका सेवन करने का सही तरीका।

## सिंघाड़ा खाने से मिलते हैं ये फायदे-

### थायराइड में फायदेमंद-

सिघाड़े में मौजूद आयोडिन और मैंगनीज थायराइड की समस्या में फायदेमंद माने जाते हैं। सिघाड़े में मौजूद आयोडीन गले संबंधी रोगों से बचाव करता है। ऐसे में अगर आप थायराइड रोगी हैं, तो आपके लिए सिंघाड़े का सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है।

### डिहाइड्रेशन-

सिघाड़े में पानी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसका सेवन करने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या दूर रहती है।

### बालों की सेहत-

सिंघाड़े का सेवन बालों की समस्या को दूर करके बालों की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। इसमें मौजूद लॉरिक एसिड बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

### वेट लॉस-

अगर आप अपने बढ़ते वजन से परेशान हो चुके हैं तो सिंघाड़ा का सेवन आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। सिघाड़े में बहुत कम मात्रा में कैलोरी होती है। जो बैली फैटी को कम करने में मदद कर सकता है। इसका सेवन आप नाश्ते के समय कर सकते हैं।

### तनाव की छुट्टी-

सिंघाड़ा एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से वजन कम होने के साथ ऑक्सीडेटिव तनाव भी कम होता है। सिंघाड़ा का सेवन करने से शरीर एक्टिव बने रहने के साथ मेटॉबोलिज्म भी तेज बना रहता है। जिसकी मदद से व्यक्ति को तेजी से अपना वजन घटाने में मदद मिलती है।

### वेट लॉस के लिए कैसे करें सिंघाड़े का सेवन?

- वेट लॉस करना चाहते हैं तो सिंघाड़े को कच्चा नाश्ते में स्नैक के रूप में खा सकते हैं।
- वजन घटाने के लिए सिघाड़े को सलाद के रूप में भी खाया जा सकता है।
- सिंघाड़े को उबालकर उसका सेवन कर सकते हैं।
- वजन घटाने के लिए सिंघाड़े को सुखाकर आटे में भी मिलाकर खाया जा सकता है।

***नोट :** इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

## दिल्ली में शिक्षा रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन

# बच्चों को तकनीकी के साथ साथ अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली शिक्षा देने की आवश्यकता - नितिन गडकरी

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

एडुकेटर्स क्लब के द्वारा शिक्षा रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी उपस्थित रहे!

फरीदाबाद, पलवल, पानीपत, सोनीपत व आस पास के कई जिलों से लगभग 150 स्कूलों के प्रिंसिपल व स्कूल मालिकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भारत शिक्षा रत्न अवार्ड इन सभी स्कूल प्रिंसिपलों को शिक्षा के छेत्र में बेहतरीन योगदान देने के लिए दिया गया।

प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित नितिन गडकरी जी ने कहा कि स्कूलों में देश के भविष्य का निर्माण होता है तो सभी स्कूल मुखियाओं को स्कूलों में ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो बच्चों को आने वाले कल के लिये तैयार करे। साथ ही उनको अच्छे संस्कार भी देने चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें अपने बच्चों को तकनीकी के साथ साथ



अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली शिक्षा देनी होंगी। हमारे देश में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना होती है। इसलिए स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताना बहूत जरूरी है।

एडुकेटर्स क्लब के प्रधान रमेश डगर जी ने बताया कि एडुकेटर्स क्लब गुणवत्ता परक शिक्षा को बढाने का काम करता है। और शिक्षा के छेत्र में आ रहे बदलावो को अपनाने के लिए प्रिंसिपलो एवम टीचरों को ट्रेन करने का काम करता है। यदि आस पास के किसी सरकारी स्कूल में किसी सुविधा की कोई कमी होती है,जैसे पानी, टॉयलेट आदि तो क्लब निःशुल्क सहायता प्रदान करता है।

शिक्षा रत्न से सम्मानित किये गये प्रधानाचार्यो ने शिक्षकों के समांन की इस पहल की प्रशंसा की.. पलवल जिले के ग्राम Bhiduki के NVN स्कूल की प्रधानाचार्य कुसुम Chaudhry ने शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे सकारात्मक बदलावों को बहुत महत्वपूर्ण बताया कि इससे हमारी युवा पीढ़ी नए अनुसन्धान और क्रियात्मक सोच की और अग्रसर होगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा पद्धति में जो बदलाव किए गए हैं उनके बेहतरीन परिणाम आने वाले वर्षों में मिलेंगे।

# पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के स्टूडेंट् सैटर में दो दिवसीय खादी प्रदर्शनी लगाई गई

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

02अकतूबर से 31 अकतूबर 2023 तक देशभर में मनायें जा रहे खादी महोत्सव कार्यक्रम के तहत आज क्षेत्रीय पंजाब खादी मंडल खरड़ के खादी ग्रामोद्योग भवन सैक्टर 22 डी चंडीगढ द्वारा पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के स्टूडेंट् सैटर में दो दिवसीय खादी प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन यूनिवर्सिटी के डीसीडीसी प्रोफेसर संजय कौशिक जी ने किया।

इस अवसर पर उनके साथ यूनिवर्सिटी के अन्य प्रोफेसर भी मौजूद थे। इसके अलावा राज्य कार्यालय, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग सैक्टर 22 डी, चंडीगढ़ के सहायक निदेशक नरेन्द्र सिंह जी अपने स्टाफ मैंबरो के साथ कार्यक्रम में मौजूद थे। सर्व प्रथम यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट् सैटर में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों तथा यूनिवर्सिटी के स्टाफ और खादी के कार्य में लगे कार्यकर्ताओं तथा कामगारों को अपने जीवन में खादी अपनाने, अन्य लोगों को खादी के प्रति जागरूक करने तथा ग्रामीण कामगारों के हाथों बना शुद्ध खादी का कपड़ा खरीद कर उन्हें रोजगार मुहैया कराने मदद करने की



शपथ दिलाई गई। इसके बाद प्रोफेसर संजय कौशिक जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को संस्था द्वारा लगाए गए स्टाल का भ्रमण करवा कर संस्था के सचिव सोहन लाल सैनी ने खादी कपड़ा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया और इसकी महत्ता बताई।

इस अवसर पर संस्था की कतिन बहनों द्वारा पुरातन देसी चरखे पर लगातार सूत कताई का प्रदर्शन किया जा रहा था और यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी बड़ी उत्सुकता से परी प्रक्रिया को देख और समझ रहे थे। कुछ विद्यार्थी चरखे पर सूत कताई कर रहे थे और सेल्फी पोज ले रहे थे। आज के मुख्य अतिथि सहित यूनिवर्सिटी के लगभग सभी प्रोफेसरों ने सभी लोगों को खादी अपनाने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के सचिव सोहन लाल सैनी ने खादी का प्रचार प्रसार करने में यूनिवर्सिटी के स्टाफ द्वारा दिए गए सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया। अंत में इस उद्घाटन कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया प्रथम चरण के 124 पीएम श्री स्कूलों का लोकार्पण





• **जालंधर ब्रीज .** रोहतक

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ आज 25 अक्टूबर 2023 को हरियाणा के रोहतक में प्रथम चरण में प्रदेश के 124 पीएम श्री विद्यालयों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार से शिक्षा विभाग की स्कूल एप और निपुण कार्यक्रम की मोबाइल एपलीकेशन भी लांच की।

पीएम श्री विद्यालयों के लोकार्पण अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21 वीं सदी के भारत को नई दिशा देने वाली है और हम उन पलों का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जो हमारे देश की युवा पीढ़ी के भविष्य निर्माण की नींव रख रहा है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश देश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी शिक्षक भर्ती, ऑनलाईन ट्रांसफर नीति के सराहनीय कदम उठाए गए हैं। ऑनलाईन ट्रांसफर से 90 प्रतिशत शिक्षक संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को सुधारने और शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों को तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर कार्य कर रही है, इससे शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल व तकनीक आधारित शिक्षा तथा मातृ भाषा को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने एशियन खेलों में हरियाणा के खिलाडि़यों द्वारा पदक प्राप्त किए की सराहना की। पीएम श्री स्कूलों के तहत पांच वर्ष तक केंद्र की तरफ से राशि आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए प्रदान की जाएगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में शुरू किए गए चार हजार प्ले वे स्कूल को अब बाल वाटिका स्कूल के नाम से जाना जाएगा। सरकार द्वारा इतने ही और स्कूल भी भविष्य में शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों को भी इन स्कूलों में परिवर्तित किया गया है। प्रदेश में शिक्षा के स्तर में और सुधार के लिए प्रथम चरण में 124 पीएम श्री स्कूलों का नए सत्र से शुभारंभ होगा तथा दूसरे चरण में 128 स्कूलों के शुभारंभ के साथ ही इन स्कूलों की संख्या 252 हो जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ये शिक्षा ही है जो युवा पीढ़ी और देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है। देश जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है, उसे हासिल करने में शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के आधार पर आंका जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार, व्यवहार के साथ-साथ अपने इतिहास व संस्कृति की जानकारी होना तथा इनसे लगावा होना भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से रोजगारपरक शिक्षा के नए प्रावधान किए हैं। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या को 22 से बढ़ाकर 147 किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रथम चरण में पीएम श्री के 124 स्कूलों के लिए 85 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई है। दूसरे चरण के 128 पीएम श्री स्कूलों के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने प्रदेश में शुरू की गई सुपर 100 योजना के सार्थक परिणामों की चर्चा करते हुए कहा कि अब तक 252 गरीब बच्चों का नीट, 127 बच्चों का आईआईटी तथा 26 बच्चों का एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में चयन हुआ है।

कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से पीएम श्री, निपुण हरियाणा, सेहत,ई- अधिगम, क्विज क्लब, सुपर 100, एनडीए कोचिंग, एक्सकुरेशन टूर, विज्ञान व गणित को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रम और एनएसक्यूएफ आदि स्टालों पर पहुंचकर मुख्य मेहमानों ने अधिकारियों से जानकारी ली।

इस अवसर पर लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा,राज्यसभा सांसद डीपी वत्स सहित अन्य अधिकारी गण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## विशेष सचिव ने क्षेत्र की क्षेत्रीय रसद आवश्यकताओं की समीक्षा की और राष्ट्रीय गतिशक्ति पहल और राज्य सरकारों की मानार्थ भूमिका पर प्रकाश डाला






• **जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में डीपीआईआईटी की विशेष सचिव सुमिता डावरा ने आज चंडीगढ़ में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन के दौरान क्षेत्र की क्षेत्रीय लॉजिस्टिक जरूरतों की समीक्षा की और राष्ट्रीय गतिशक्ति पहल और राज्य सरकारों की मानार्थ भूमिका पर प्रकाश डाला। पीएम गतिशक्ति पहल को लागू करने में पिछले दो वर्षो में हुई असाधारण प्रगति को चिह्नित करते हुए उनके साथ हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के डीपीआईआईटी के निदेशक सुमीत जारंगल भी थे।

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) संबंधित मंत्रालयों/विभागों में एकीकृत और समग्र योजना के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है ताकि मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार किया जा सके और लोगों और वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के अंतराल को संबोधित किया जा सके, जिसमें व्यवधानों को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके और परियोजनाओं को समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। विशेष रूप से, सम्मेलन के दौरान पीएम गतिशक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित करते हुए कई प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। यह बताया गया कि पीएम गतिशक्ति ने कोयला, इस्पात और बंदरगाहों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले 156 बुनियादी ढांचे के अंतराल की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई; और, यह इसके महत्व की मान्यता थी कि सरकार ने 2023-24 के केंद्रीय बजट में 100 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 75,000 करोड़ रुपये का पर्याप्त आवंटन किया। डीपीआईआईटी की विशेष सचिव सुमिता डावरा ने सम्मेलन के दौरान कहा, 'इस महत्वपूर्ण उपक्रम ने पूरे भारत में बुनियादी ढांचे के विकास के एक नए युग की शुरुआत की है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।' यह भी साझा किया गया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 8890 किलोमीटर से अधिक सड़कों के लिए योजनाओं को सुव्यवस्थित किया, जिससे विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में लगने वाला समय घटकर मात्र 15 दिन रह गया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइपलाइन योजना को सुव्यवस्थित किया है, जिससे रिपोर्ट तैयार करने का समय 24 घंटे तक कम हो गया है। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय, डीपीआईआईटी के निदेशक सुमीत जारंगल ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बुनियादी ढांचे की योजना भी पाइपलाइन में है।

उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति पोर्टल टिकाऊ और कुशल परिवहन की दिशा में इस महत्वपूर्ण बदलाव की योजना में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव, आनंद मोहन शरण ने कहा, "पीएम गतिशक्ति की उपलब्धियां हमारे राष्ट्र की सहयोगात्मक भावना का एक प्रमाण हैं। सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने सफलतापूर्वक राज्य-स्तरीय तंत्र स्थापित किए हैं और राज्य मास्टर प्लान पोर्टलों का अनुकूलन किया है।"

# मेरी माटी-मेरा देश वीरों को श्रद्धांजलि देने का अनुपम कार्यक्रम : अनुराग ठाकुर

• **जालंधर ब्रीज .** हिमाचल प्रदेश

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मोतीपुर, मंडी व बिलासपुर में विशाल सभा को संबोधित किया व भारत सरकार के इस अनुपम कार्यक्रम की बारीकियों व इसकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर पंच प्रण की शपथ दिलार्द और वीर नारियों सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान करते हुए बताया कि डिजिटल तकनीक को अपनाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल साढे 13 करोड़ गरीब लोग गरीबी रेखा से बाहर आ पाए हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा "आज़ादी का अमृत महोत्सव देश में पूरे धूम-धाम से मनाया गया था और उसके अंतिम कार्यक्रम के रूप में 'मेरी माटी मेरा देश' - वीरो को वंदन और मिट्टी को नमन इस भाव के साथ इसकी शुरुआत की गई है। 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के माध्यम से, हर परिवार, हर व्यक्ति, हर नागरिक, हर बच्चा भारत को एक महान राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकता है।आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से भूले हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी है।स्वतंत्रता सेनानियों ने इसके



लिए 'बलिदान' दिया है, हमारे देश को विकसित भारत बनाने के लिए आप सभी को योगदान देना होगा। इस धरती पर प्राण न्योछावर करने वालों को हम सब अपना समर्पण, अपनी मिट्टी प्रतीक के रूप में दे रहे हैं। हर घर से, हर गांव से, हर देहात से मिट्टी का कण अमृत वाटिका के निर्माण में पहुंचे और हर भारतीय इस देश की मिट्टी से जुड़कर देश के विकास के कार्यरत रहे"

आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा" देश गुलामी की मानसिकता से अब बाहर आ रहा है। पहले राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक राजपथ बना था, मोदी जी ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए उसको कर्त्तव्य पथ बना दिया है। उसी कर्तव्य पथ पर इंडियागेट पर आजादी के विगत 13 साल तक किसी ने शहीद स्मारक दिल्ली में नहीं बनाया। शहीद स्मारक वार मेमोरियल भी बनाया है तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने। मेरी माटी, मेरा देश' आजादी के अमृत महोत्सव का अंतिम कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत देश के साढ़े 6 लाख गांवो में अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी। 30 करोड़ घरों से मिट्टी ली जाएगी। प्रत्येक गांव में अमृत वाटिका बनेगी। प्रत्येक गांव की मिट्टी को ब्लॉक स्तर से होते हुए देश की राजधानी लाया जाएगा। पंच प्रण के शपथ लिए जाएंगे। वीरों का नमन मिट्टी का वंदन होगा।

ठाकुर ने आगे कहा, "हम घूम-घूम कर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का सम्मान कर रहे हैं। मिट्टी के दिल्ली आने पर कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इंडिया गेट के पास आजादी का अमृत महोत्सव मेमोरियल बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य देश में एकता एकजुटता की भावना बनाए रखना, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाना और अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना है ताकि देश का हर नागरिक अपने कर्तव्य को पूरा कर एक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सके"

अनुराग ठाकुर ने कहा " भाजपा और इसके कार्यकर्ता दिखावे के लिए सहायता नहीं करते। हिमाचल में आपदा के समय केंद्र ने एक नहीं 4 किश्तों में 862 करोड़ तो पहले ही दे दिए, फिर 5000 घर , दूसरी बार 6000 घर, कुल मिला के 11000 घर दिए। 2700 करोड़ ग्रामीण सड़कों के लिए दिया। मनरेगा में जो बंदिशे थीं सुविधा के लिए उन्हें हटाया गया। अब कामगार जितनी दिहाड़ी लगानी उतनी लगा सकते हैं। इससे बावजूद अगर राज्य की सरकार कहे की कुछ नहीं दिया तो आसानी से समझा जा सकता है कि आपदा में भी कुछ लोग राजनीती करते हैं।

डिजिटल तकनीक पर बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा" अगले तीन वर्षो में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। डिजिटल प्रौद्योगिकी के कारण ई-पेमेंट में पूरी दुनिया में भारत का शेयर 46 प्रतिशत हो गया है। आत्मनिर्भर अभियान के अर्न्तगत भारत में पिछले एक साल में एक लाख करोड़ रुपये का रक्षा उपकरणों का उत्पादन किया है। जबकि इसी दौरान 16000 करोड़ का निर्यात किया है। अगले पांच साल में रक्षा उपकरणों का उत्पादन दो गुना और निर्यात तीन गुणा हो जाएगा।

## सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-II के तहत भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए धोखाधड़ी का खुलासा किया

• **जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

ऑपरेशन चक्र-II की कड़ी के तौर पर, सीबीआई ने साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों पर अपनी कार्रवाई जारी रखी एवं दो अन्य मामलों में व्यापक सफलता हासिल की।
**पहला मामला :** वर्ष 2022 में, गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) द्वारा दी गई सूचना सहित विभिन्न सूचनाओं के आधार पर, सीबीआई ने विदेशी घोटालेबाजों द्वारा निवेश, ऋण और नौकरी के अवसरों के नाम पर भारतीय नागरिकों पर किए जा रहे जटिल, संगठित साइबर अपराध के विरुद्द मामला दर्ज किया। धनराशि के इधर उधर होने के जटिल जाल का विस्तृत विश्लेषण करने के पश्चात, सीबीआई ने हाल ही में संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की।

जालसाजों ने कथित तौर पर पोंजी योजनाओं एवं बहु-स्तरीय विपणन पहलोंके माध्यम से आकर्षक अंशकालिक नौकरियों के वादे के साथ पीड़ितों को लुभाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों एवं उनके विज्ञापन पोर्टलों, एन्क्रिप्टेड चैट एप्लिकेशन, एसएमएस का लाभ उठाया। पहचान को छुपाने के लिए, इन अपराधियों ने यूपीआई खातों, क्रिप्टो मुद्राओं व अंतरराष्ट्रीय धन हस्तांतरण से जुड़े बहुस्तरीय तरीके का प्रयोग किया।

कथित तौर पर, जालसाज एक प्रसिद्ध सर्च इंजन के विज्ञापन उपकरण के साथ-साथ थोक एसएमएस भेजने के लिए किराए के हेडर का उपयोग कर रहे थे, जिससे धोखाधड़ी का तंत्र तैयार हो रहा था। पीड़ितों को उच्च मुनाफा वापसी की उम्मीद में यूपीआई खातों के माध्यम से धन जमा करने का लालच दिया गया। गलत तरीके से कमाए गए धन को यूपीआई खातों के एक जटिल नेटवर्क के माध्यम से धनशोधन किया गया, जो अंततः फर्जी प्रमाण-पत्रों का उपयोग करके क्रिप्टो मुद्रा या सोने की खरीद में परिवर्तित हो गया।

सीबीआई ने धोखाधड़ी वाले गतिविधियों में संलिप्त 137 मुखौटा कंपनियों की पहचान की। इनमें से बड़ी संख्या में संस्थाएँ बैंगलोर में कंपनी रजिस्ट्रार के साथ पंजीकृत थीं। व्यापक स्तरीय जांच से इन कंपनियों के निदेशकों की पहचान हुई, जिनमें से अधिकांश बैंगलोर में स्थित थे। इनमें से कुछ निदेशक बेंगलुरु स्थित एक भुगतान आधारित व्यापारी से भी जुड़े थे। यह व्यापारी, धोखाधड़ी के संचालन के केंद्र में, लगभग 16 अलग-अलग बैंक खातों को नियंत्रित करता था, जहां पर 357 करोड़ रु. (लगभग) की भारी मात्रा में धनराशि हस्तांतरितकिया गया। फिर धोखाधड़ी को छुपाने के प्रयास में जानबूझकर धनराशि को विभिन्न खातों में भेजा गया। बेंगलुरु, कोचीन और गुड़गांव में की गई तलाशी में मुखौटा कंपनियों के निदेशकों की कथित गतिविधियों पर जानकारी देने वाले पर्याप्त सबूत मिले। आरोपियों के एक विदेशी नागरिक से संबंध का भी पता चला है। इन धोखाधड़ी वाली संस्थाओं से जुड़े निदेशकों और संपर्क जानकारी को बदलने में बैंगलोर के दो चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका पाई गई। उनके परिसरों की तलाशी से कुछ दस्तावेज़, ईमेल संवाद एवं व्हाट्सएप चैट बरामद हुए, जिससे इन अभियानों में उक्त विदेशी नागरिक की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने में उनकी कथित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

**दूसरा मामला :** सिंगापुर के नागरिकों को निशाना बनाने वाले साइबर सक्षम वित्तीय अपराधों के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज किया गया।

# 'आप' उम्मीदवारों के लिए सीएम मान ने किया प्रचार

## बुंदेलखंड के महाराजपुर, छतरपुर नगर और बिजावर विधानसभा क्षेत्र में भगवंत मान ने किया रोड शो

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वीरवार को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। मान बुंदेलखंड इलाके के महाराजपुर, छतरपुर नगर और बिजावर विधानसभा क्षेत्र में आप उम्मीदवारों के साथ विभिन्न जगहों पर रोड शो किया और लोगों से आम आदमी पार्टी को वोट देने की अपील की। रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने कहा कि जिस तरह हमने दिल्ली और पंजाब में काम किया है, यहां भी सरकार बनने पर उसी तरह काम करेंगे। यहां भी लोगों को मुफ्त बिजली देंगे। ईलाज के लिए मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे और बच्चों की पढ़ाई के लिए अच्छे सरकारी स्कूल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गारंटी भाजपा की तरह जुमले नहीं होते। हम जो वादे करते हैं उसे पूरा करते हैं। दिल्ली और पंजाब में हमने जो भी वादे किए उसे पूरा किया। आज पंजाब में 90 प्रतिशत से ज्यादा घरों के बिजली बिल जीरो आते हैं। मान ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमने पंजाब में करीब 700 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं जिसमें अभी तक साठ लाख से ज्यादा लोगों का ईलाज हो चुका है। हमने पंजाब में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' बनाने की शुरुआत कर दी है। अभी कुछ दिनों पहले ही अमृतसर में एक 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' का उद्घाटन किया है। वहीं नौजवानों के रोजगार के लिए हमने करीब 37000 से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी है।

मान ने कहा कि हमारी राजनीति का उद्देश्य है कि किसी भी व्यक्ति को दो वक्त की रोटी के लिए न सोचना पड़े। लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए और इलाज के लिए मजबूर न होना पड़े। ऐसा अच्छी शिक्षा और अच्छी चिकित्सा व्यवस्था मुफ्त में उपलब्ध होने पर ही संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश में अपने 18 साल के शासन में भारी भ्रष्टाचार किया। इन लोगों ने मध्य प्रदेश को जमकर लूटा और अपने खजाने भर लिए। अब मध्य प्रदेश के लोग दिल्ली और पंजाब की तरह यहां भी बदलाव चाहते हैं और बदलाव का मतलब है आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल।



## सेवा केन्द्रों में पिछले 5 सालों की अपेक्षा अब तक सबसे कम केस बकाया : अमन अरोड़ा



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य में सेवाएं प्रदान करने में ज़ीरो पैंडैंसी पहुँच को अपनाते हुए पंजाब सरकार सेवा केन्द्रों में बकाया मामलों की संख्या को घटाने में सफल हुई है और सेवा केन्द्रों में पिछले पाँच सालों की अपेक्षा अब तक सबसे कम केस बकाया हैं। पंजाब के प्रशासनिक सुधार और शिकायतों संबंधी मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि हाल ही में बकाया मामलों की दर 0.10 प्रतिशत पर आ गई है, जिससे पता चलता है कि 99.90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निर्णय निर्धारित समय-सीमा के अंदर किया जा रहा है। अमन अरोड़ा वीडियो कॉन्फ्रेंस के ज़रिये सेवा केन्द्रों के द्वारा दी जा रही नागरिक केंद्रित सेवाओं की समीक्षा के लिए समूह डिप्टी कमिश्नरों के साथ मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री ने राज्य में लोगों को उनके द्वार पर सेवाएं प्रदान करने सम्बन्धी पायलट प्रोजैक्ट की शुरुआत का भी जायज़ा लिया। उन्होंने समूह डिप्टी कमिश्नरों को ज़िला स्तर पर हरेक सम्बन्धित विभाग की निजी तौर पर निगरानी करने के लिए भी कहा, जिससे यह सुनिश्चित बनाया जा सके कि सभी आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर विचारा जा रहा है।

## पराली न जलाने का संदेश देने के लिए जागरूकता वैन को किया रवाना



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने किसानों को धान की पराली न जलाने और इसके उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासकीय परिसर से तीन जागरूकता वैनों को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि वैन अगले 30 दिनों में जिले के 982 गांवों को कवर करेगी और किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देगी, साथ ही उन्होंने इन-सीटू और एक्स सीटू द्वारा फसल अवशेष का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

उन्होंने कहा कि वैन में आडियो संदेश भी चलाए जाएंगे और विभाग द्वारा तैयार किए गए साहित्य के माध्यम से किसानों को पराली को जलाने की बजाय उसके उचित प्रबंधन के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिले में पराली जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा एक व्यापक रणनीति तैयार की गई है, जिसके तहत किसानों को सबसिडी के आधार पर अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवाई जा रही है और बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गांवों में कैंप लगाकर किसानों में पराली न जलाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक ग्राम स्तर पर 120 कैंप लगाए गए है। इसके इलावा गांवों में पराली न जलाने का संदेश देते हुए 600 दीवार पेंटिंग भी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान में स्कूली बच्चों को शामिल कर विभिन्न मुकाबले करवाए जा रहे है ताकि घर-घर तक पराली न जलाने का संदेश दिया जा सके।



## अमनप्रीत सिंह संधू ने पंजाब पुलिस अकादमी फिल्लौर में ज्वाईंट डायरैक्टर का पद संभाला

• **जालंधर ब्रीज.** फिल्लौर

अमनप्रीत सिंह संधू ने पदोन्नति मिलने पर पंजाब पुलिस अकादमी फिल्लौर में बतौर ज्वाईंट डायरैक्टर का पदभार संभाला है। इस अवसर पर डीडी एडमिन प्रितपाल सिंह, डीडी इंडोर परमजीत सिंह डीएसपी इंडोर गुरप्रीत सिंह, जिला अटॉर्नी अजयपाल सिंह, एडीए मुनीत दुग्गल ने पूरे स्टाफ का फूलों से स्वागत किया और कहा कि अकादमी में आपका स्वागत है।

अकादमी की डायरैक्टर श्रीमती अनीता पुंज आईपीएस ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कानूनी मामलों के क्षेत्र में संधू का काफी अनुभव अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। इससे पहले जिला अटार्नी नीलम के नेतृत्व में गुरदासपुर में एक प्रभावशाली कार्यक्रम और विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें संधू परिवार सहित शामिल हुए। श्री राजिंदर अग्रवाल जिला एवं सैशन न्यायाधीश गुरदासपुर को कोर्ट कंम्प्लैक्स गुरदासपुर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी एडिशनल जज जेएसएसपी बटाला, एडीसी जनरल गुरदासपुर उपस्थित थे। सैशन जज राजिंदर अग्रवाल ने कहा कि संधू की सेवाओं और बहुमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, वह अपने पीछे अमिट यादें छोड़ रहे है।

## डिप्टी कमिश्नर ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य सोसायटी की बैठक हुई। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने जन्म एवं मृत्यु सर्टीफिकेट, आम आदमी क्लीनिक, राष्ट्रीय तंबाकू कंट्रोल, नशामुक्ति एवं पुनर्वास सोसायटी, मुख्यमंत्री कैंसर राहत कोष योजना, सरबत सेहत बीमा योजना, यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआइडी), आयुष्मान भव्य सहित जिला स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि लोगों को प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे और उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी क्लीनिकों में मरीजों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर एसीएस डा. अन्नू शर्मा, डीएफपीओ डा. अशोक कुमार, डीएचओ डा. राजीव पराशर, डीआईओ डा.रणदीप सिंह, एसएमओ डा. संदीप धवन, डा. राजीव भगत, डा. नवप्रीत कौर, डा. मीनाक्षी, डीपीएम विनय मल्लण, एमएंडईओ राम सिंह आदि मौजूद रहे।

## त्यौहारों के मद्देनजर होशियारपुर में पटाखे व आतिशबाजी चलाने का शेड्यूल जारी

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

जिला मजिस्ट्रेट होशियारपुर कोमल मित्तल ने आने वाले दिनों में त्यौहारों के मद्देनजर पटाखे चलाने को लेकर जिले की सीमा में फौजदारी संहिता संघ 1973(1974) के एक्ट नंबर 2 की धारा 144 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए है। जारी आदेशों में उन्होंने जिले में पटाखे आतिशबाजी चलाने के लिए दिन व समय के हिसाब से शेड्यूल जारी किया है और निर्देश दिए है कि इस निर्धारित समय के बाद या पहले पटाखे व आतिशबाजी चलाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।



जिला मजिस्ट्रेट ने जारी आदेश में बताया कि 12 नवंबर को दीवाली वाले दिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक, 27 नवंबर को गुरुपर्व वाले दिन सुबह 4 बजे से सांय 5 बजे व रात 9 बजे से रात 10 बजे तक, 25 दिसंबर क्रिसमस व 31 दिसंबर(मध्य रात्री) नए वर्ष के अवसर पर रात 11:55 से रात 12:30 तक पटाखे चलाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा साइलेंस क्षेत्र जैसे कि अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों, अदालतों व धार्मिक स्थानों आदि के 100 मीटर घेरे के अंदर पटाखे चलाने की आज्ञा नहीं रहेगी।

### बैडमिंटन के सीनियर स्टेट व इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 28 को

जिला खेल अधिकारी-कम-महासचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन होशियारपुर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से सीनियर स्टेट व इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप (लडक़े/लड़कियां) 7 नवंबर से 10 नवंबर तक साधु सिंह शेरगिल अकादमी, मुकंदपुर(जिला एस.बी.एस नगर) में करवाई जा रही है। इस चैंपियनशिप में जिला होशियारपुर के खिलाडिय़ों की एंट्री भेजने के लिए 28 अक्टूबर को सेलेक्शन ट्रायल(लडक़े/लड़कियां) करवाने का फैसला किया गया है। यह सेलेक्शन ट्रायल 28 अक्टूबर को इंडोर स्टेडियम(बैडमिंटन हाल) होशियारपुर में होंगे। इस लिए जो खिलाड़ी अपनी एंट्री उक्त चैंपियनशिप के लिए भेजाना चाहते हैं, वे सभी खिलाड़ी उक्त तिथि को संबंधित ट्रायल स्थान पर सुबह 8 बजे रिपोर्ट करेंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि सभी खिलाड़ी प्रमाण के तौर पर अपना असली आधार कार्ड साथ लेकर आना यकीनी बनाएं। इसके अलावा सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड की एक-एक कापी साथ लेकर आना यकीनी बनाएंगे।

## खाद्य आपूर्ति मंत्री ने किया धान की खरीद का निरीक्षण

### किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

• **जालंधर ब्रीज.** करतारपुर

पंजाब के खाद्य एवं सिविल आपूर्ति मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा कि पंजाब सरकार उचित ढंग से धान खरीदकर किसानों को समय पर भुगतान करने के लिए वचनबद्ध है। करतारपुर दाना मंडी में धान की चल रही खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए खाद्य एवं सिविल आपूर्ति मंत्री ने कहा कि पंजाब की मंडियों में 61 लाख मीट्रिक टन धान की आमद हो चुकी है, जिसमें से 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद विभिन्न खरीद एजेंसियां द्वारा की जा चुकी है। इसके इलावा, किसानों को 10,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 1854 मंडियों में धान की समय पर खरीद के लिए सभी प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 182 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद होने की संभावना है। मंत्री ने कहा कि मंडियों में अपनी फसल बेचने आने वाले किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारी हर संभव प्रयास करें।



## प्लेसमैंट कैंप के दौरान 35 युवाओं का विभिन्न नौकरियों के लिए चयन

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो जालंधर ने जिला प्रशासन के सहयोग से एक प्लेसमैंट कैंप का आयोजन किया जिसमें 35 युवाओं को विभिन्न कंपनियों द्वारा उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी डायरैक्टर जिला रोजगार व कारोबार ब्यूरो गुरमेल सिंह ने बताया कि डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल के निर्देशों पर जिला रोजगार ब्यूरो दफ्तर द्वारा जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्लेसमैंट कैंप आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी के तहत जिला रोजगार दफ्तर में आयोजित प्लेसमैंट कैंप में 50 उम्मीदवारों ने भाग लिया। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे जिला रोजगार ब्यूरो विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित प्लेसमैंट कैंपों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी पसंद की नौकरी प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 90569-20100 पर संपर्क किया जा सकता है।



## प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) चंडीगढ़ द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 का आयोजन

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) चंडीगढ़ के साथ-साथ छह राज्यों में संगठन के तहत कार्यरत अधीनस्थ कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 चलाया गया। यह अभियान रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए 02 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2023 तक शुरू किए गए विशेष अभियान 3.0 के अनुसरण में किया गया।


अभियान दो चरणों में आयोजित किया गया है: प्रारंभिक चरण (15 सितंबर से 30 सितंबर, 2023) और कार्यान्वयन चरण (02 अक्तूबर से 31 अक्तूबर, 2023)। अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों की समग्र स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में सुधार करना है, जिसमें अंतरिक्ष प्रबंधन, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्क्रैप निपटान, विशेष रूप से सेवा वितरण या सार्वजनिक इंटरफेस के लिए जिम्मेदार फील्ड कार्यालयों में कार्य स्थल के अनुभव को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। सार्वजनिक शिकायतों (सीपीजीआरएएमएस के साथ-साथ अन्य स्रोतों से शिकायतें) की पहचान करना और शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि के लिए उनका त्वरित निपटान/समाधान भी स्वच्छता अभियान का हिस्सा रहा है।



# इंग्लैंड के लिए सेमीफाईनल की राह मुश्किल

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप मुकाबले में श्रीलंका ने गत चैंपियन टीम इंग्लैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.2 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने 25.4 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर जीत दर्ज की।

वहीं श्रीलंका की ओर से ओपनर पथुम निसांका ने 77 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा, सदीरा समरविक्रमा ने 65 रनों की बड़ी पारी खेली। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने श्रीलंका के दोनों विकेट झटके। श्रीलंका के कप्तान कुशल मैंडिस 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।



फोटो- आईसीसी

वहीं इंग्लैंड की तरफ से बेहद साधारण प्रदर्शन देखने को मिला। सलामी जोड़ी बेयरस्टो (30) और मलान (28) ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। मलान के आउट होते ही तीसरे नंबर के बल्लेबाज जो रूट भी जल्दी ही आउट हो गए। इसके बाद बेयरस्टो भी पवेलियन लौट गए। फिर तो टीम की विकेटों की झड़ी लग गई। हालांकि दूसरे छोर से बेन स्टोक्स टिक रहे लेकिन वो भी अकेले क्या कर पाते। इस दौरान उन्होंने 45 रन बनाए।

श्रीलंका की तरफ से लाहिरू कुमारा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए। जिस कारण उन्हें मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबकि मैथ्यूज और रजिथा को दो-दो विकेट की सफलता मिली। इसके अलावा महीश तीक्षणा को 1 विकेट मिला।

इसके साथ ही इंग्लैंड की 5 मैचों में ये चौथी हार है। इंग्लैंड के लिए अब सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल या असंभव जैसा है। इस हार के साथ ही इंग्लिश टीम प्वाइंट्स टेबल में नीचे से दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। जबकि श्रीलंका टीम को इस जीत से फायदा हुआ है। अब वे 5वें नंबर पर आ गए हैं।

## शिक्षा एवं मानवता के कल्याण में समाज सेवी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान : ब्रम शंकर जिम्पा

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने कहा कि सामाजिक सेवा संगठन शिक्षा और मानवता के कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और ऐसे संगठन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। वह आज गुरु नानक इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गोद लिए गए सरकारी एलीमेंट्री स्कूल अजोवाल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाओं को सलाम करते हैं, जो दिन-रात मानवता की सेवा में लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट दबे-कुचले लोगों के लिए वरदान बन गया है, जिसने स्लम एरिया के इस स्कूल को गोद लेकर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करवाई है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में 100 फीसदी झुग्गी झोपड़ी के बच्चे पढ़ते हैं और 2017 में इस संस्था ने इस स्कूल को गोद लेकर जरूरतमंद बच्चों की मदद की। उन्होंने कहा कि संस्था हर साल बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें वर्दी व अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराने के लिए इस तरह का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के पढ़े बच्चे वर्तमान में आई.आई. टी. आई और पॉलिटेक्निक कॉलेज में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ऐसे संस्थानों को पूरा समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस स्कूल और क्षेत्र के अन्य स्कूलों के लिए लगभग 10 लाख रुपये जारी किए हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किये। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं।



Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.